निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ) का बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड एवं संपर्क कार्यालय लखनऊ का दौरा

श्री राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ),एनएचपीसी ,श्री सुप्रकाश अधिकारी,कार्यपालक निदेशक (ओ एण्ड एम),श्री अमिताभ झा ,महाप्रबंधक (विद्युत) एवं श्री एस.के.मिश्रा , महाप्रबंधक (विद्युत) ने 29 से 31 मार्च 2024 को संपर्क कार्यालय, लखनऊ एवं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड का दौरा किया। कार्यालय आगमन पर उनका स्वागत श्री राजेश कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल व महाप्रबंधक,संपर्क कार्यालय लखनऊ के द्वारा पौधा भेंट कर किया गया। तत्पश्चात निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ)महोदय द्वारा कार्यालय प्रांगण मे पौधारोपण किया गया |

निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ) महोदय ने कार्यालय के सभी अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के प्रारंभ में निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ) , कार्यपालक निदेशक (ओ एण्ड एम) एवं महाप्रबंधक (विद्युत) महोदय का स्वागत सी. ई.ओ (बी एस यू एल) एवं महाप्रबंधक,संपर्क कार्यालय लखनऊ श्री राजेश कुमार महोदय द्वारा शाल ओढ़ा कर किया गया |

तत्पश्चात बीएसयूएल में चल रहे सभी कार्यों की प्रगति के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीईओ (बी एस यू एल) द्वारा समस्त जानकारी निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ) महोदय को दी गयी | निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ) ने कर्मचारियों को अपने संबोधन में लक्ष्यों को प्राप्त करने और एनएचपीसी को गौरवान्वित करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया।

31 मार्च 2024 को निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएँ) ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कालपी सौर परियोजना का दौरा किया । उन्होंने कर्मचारियों के साथ कालपी सौर परियोजना के सभी पहलुओं पर चर्चा की और शेष कार्यों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कालपी सौर ऊर्जा परियोजना के लिए उप- नियंत्रण कक्ष का भी उद्घाटन किया ।

सभी कर्मचारियों द्वारा उन्हें गर्मजोशी के साथ विदाई दी गई ।

श्री राज कुमार चौधरी

एनएचपीसी लिमिटेड
NHPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)
संपर्क कार्यालय, लखनऊ
Liaison Office, Lucknow
एनएचपीसी
NHPC
बुन्देलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड
BUNDELKHAND SAUR URJA LIMITED
(A Joint venture of NHPC Limited & UPNEDA)
मुख्य कार्यालय, लखनऊ
Head Office, Lucknow
बी एस यू एल
BSUL

बुन्देलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड
(एनएचपीसी लिमिटेड एवं युपीनेडा का संयुक्त उपक्रम)
कालपी सौर ऊर्जा परियोजना (65MW)
के उप-नियंत्रण कक्ष का उदघाटन
श्री राज कुमार चौधरी, निदेशक तकनीकी एवं परियोजना, एनएचपीसी लि०
के कर कमलों द्वारा 31 मार्च 2024 को
श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक (ओ एंड एम), एनएचपीसी लि०
की गरिमामय उपस्थिति में ग्राम - परासन, तहसील - कालपी,
जनपद - जालौन, उ.प्र. में किया गया ।
कार्यदायी संस्था - मेसर्स स्वयं एनर्जी लिमिटेड
UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
एनएचपीसी NHPC
फरवरी 2023

बुन्देलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड
(एनएचपीसी लिमिटेड एवं युपीनेडा का
श्री राज कुमार चौधरी
निदेशक तकनीकी, एनएचपीसी लिमिटेड
के 65 मेगावाट कालपी सौर ऊर्जा परियोजना, परासन,
तहसील-कालपी, जिला-जालौन आगमन पर
हार्दिक स्वागत करता है।
स्वागतम्